STD - VI

Ch - 14

Date - 26.10.21 (Tues; day)

प्रश्न और उत्तर

प्र-1 अतिथि कितने दिनों से लेखक के यहाँ ठहरा हुआ था?

उ- अतिथि चार दिनों से लेखक के यहाँ ठहरा हुआ था.

प्र-2- "जिस दिन तुम आए थे, कहीं अंदर ही अंदर मेरा बटुआ काँप उठा था" लेखन ने ऐसा क्यों कहा?

उ- "जिस दिन तुम आए थे, कहीं अंदर ही अंदर मेरा बटुआ काँप उठा था", लेखक ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि जब कोई अतिथि हमारे घर पधारता है तब उसके मेहमाननवाजी में बहुत सारे पैसे खर्च होते हैं.

PAGE NO.
Date : / /20

प्र-३- अतिथि की किन हरकतों से लगता है कि वह जाने का नाम नहीं ले रहा ?

उ- जब अतिथि ने लेखक से कहा की कपड़े लॉण्ड्री में देने हैं, तब लेखक को पता चला कि अतिथि इतनी जल्दी इस घर से नहीं जाने वाला, क्योंकि लॉण्ड्री से कपड़े आने में कम-से-कम चार-पाँच दिन लग जाते हैं।

प्र-४ "दोपहर के भोजन को लंच में बदला और रात के खाने को डिनर में" इस पंक्ति से लेखक का क्या अभिप्राय है ?

उ- "दोपहर के भोजन को लंच में बदला और रात के खाने को डिनर मे" इस पंक्ति से लेखक का यह अभिप्राय है कि मेहमानबाजी में लेखक और उनकी पत्नि ने बहुत सारी स्वादिष्ट पकवान बनाए, इस उम्मिद में कि तुम दूसरे दिन शानदार मेहमानबाज़ी की छाप लिए रेल के डिब्बे में बैठ जाओगे।

प्र-५ लेखक ने अतिथि को घर से चले जाने के लिए क्या-क्या संकेत दिए ?

उ- लेखक ने अतिथि को घर से चले जाने के लिए बहुत सारे संकेत दिए, जैसे रात के खाने में खिचड़ी बनाना, कैलेंडर कि तारिखें दिखाना, बातें बंद कर देना, आदि।